53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 27.7°c
अधिकतम 35.5 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:49, सूर्यास्त - 6:56 | वर्ष : 53/अंक : 227 | सोमवार, 18 अगस्त 2025 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, दशमी | सम्वत् 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

कोई कुछ भी बोले स्वयं को शांत रखो, क्योंकि धूप कितनी भी तेज हो समुद्र को नहीं सुखा सकती।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

चोरों को हटाइये, भाजपा को भगाइये, हमारी पार्टी को जिताइये : लालू प्रसाद यादव



जनता ने कई साल से पहली बात मान रक्खी है......

# अतिक्रमण की अति, नहीं हो पायेगी शहर की गति

## 1 अगले माह शुरू हो जाएंगे त्यौहार, क्या सड़क पर चलने वालों का जीना यूं ही रहेगा दुश्वार

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बु.)।** मुजफ्फरनगर की सड़कों पर अतिक्रमण की इतनी अति हो चुकी है कि शहर की गति सुधारने वाला कोई दिखाई ही नहीं देता। नेताओं को वोट लेने से कुछ माह पहले ये सब बात याद आ जाएंगी मगर अभी तको वोट बटोरने की खातिर नेता इस बात पर चुप्पी लगाए हुए हैं कि अतिक्रमण के लिए कुछ बोलने की आवश्यकता नहीं है, कहीं अतिक्रमण करने वाले वोटर नाराज न हो जाएं। अगले माह से ही फिर एक बार त्यौहारी सिलसिला शुरू हो जाएगा। जन्मष्टमी और रक्षाबंधन तो चले गये हैं, अब दिवाली की तैयारी अगले महीने से जोर-शोर से होती हुई दिखाई देगी। ऐसे में बाजारों में भीड़ भी बढ़ेगी और सड़कों पर खरीदारी के लिए दुपहिया वाहन और खरीददार भी जमकर उतरेंगे, मगर आये दिन अतिक्रमण हटवाने वाला पुलिस प्रशासन कब स्थाई अतिक्रमण हटवाएगा और न जाने कब आम आदमी को सड़कों पर सुकून से चलने में राहत मिलेगी। अस्थाई तौर पर अतिक्रमण तो आये दिन प्रशासन हटाकर दिखाता ही रहता है, मगर शहर के लोगों को इससे स्थाई राहत नहीं मिल पाई है। अतिक्रमण से जनता को राहत ना मिलने से दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी बढ़ जाती हैं। बुलेटिन की टीम ने शहर के 6 मुख्य बाजारों का निरीक्षण किया। यहां देखने को मिला कि कई दुकानदारों ने तो अपनी सही जगह यानी सफेद पट्टी से पीछे ही सामान रखा था, लेकिन कुछ दुकानें ऐसी भी थीं, जहां दुकानदारों ने सफेद पट्टी की सीमा को क्रॉस कर दिया था। यहां हाल यह था कि लोगों के पैदल चलने लायक जगह भी न थी। दरअसल में यह सफेद पट्टी वाली जगह राहगीरों के चलने के लिये होती है। ऐसे में अगर राहगीर रोड पर चलते हैं, तो वाहन से टकराने का खतरा पैदा हो जाता है। ऐसे में प्रशासन और पुलिस आए दिन यह दावे करता है कि राहगीरों और जनता के लिये बड़ी-बड़ी सुविधाएं करवा देंगे, लेकिन धरातल पर नजारा कुछ और ही होता है।

बुलेटिन की टीम ने रुड़की रोड, एसडी मार्किट के बाहर, भगत सिंह रोड, टाउन हॉल रोड, बालाजी मंदिर, रोडवेज के बाहर और झांसी की रानी बाजार में देखा कि कैसे छोटे-बड़े दुकानदारों ने यहां अतिक्रमण कर रखा है। कुछ ने सफेद रेखा को क्रॉस करके सामान सड़क तक पहुंचा दिया है। इन दुकानदारों में ज्यादातर फल और सब्जी विक्रेता हैं। झांसी की रानी के पास तो हाल यह है कि जो अतिक्रमण हो रखा है, वो नगरपालिका के दफ्तर के बाहर है। तो आप खुद ही अंदाजा लगा लीजिए कि क्या हाल होगा। अब आने वाले दिनों में कई त्यौहार आने वाले हैं। नवरात्रों के बाद लगभग दो महीने तक त्यौहार ही त्यौहार हैं। ऐसे में इन बाजारों में जमकर भीड़ उमड़ती है। यही हाल सदर बाजार के बाहर का था, जहां फल वालों ने एक लाइन में सफेद रेखा के बाहर तक अपनी रेहडियां लगा रखी थी। यहां अगर कोई खरीदारी करता है या इन्हीं दुकानदारों से कोई चीज खरीदने आता है, तो उसे वाहन मार्ग पर ही खड़े होकर सामान खरीदना पड़ेगा। इसके कारण वाहन चालकों को दिक्कत तो होती ही है, लेकिन साथ ही दुर्घटना होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। साथ ही त्यौहारों के दिनों में तो यहां बाजार इतना भर जाता है कि चलने लायक जगह नहीं बचती है। ऐसे में भगवान ना करे अगर कोई बड़ा हादसा हो जाता है, तो प्रशासन किस-किस को जबाव देगा और किसी के नुकसान की भरपाई कौन करेगा? ऐसे में यह भी सवाल है कि शहर में कई स्थान ऐसे भी हैं जैसे कि शिवचौक? जहां हर समय पुलिस बल तैनात रहता है। ऐसे में यहां स्थित भगत सिंह रोड पर आप देखें तो कई जगह दुकानदारों ने सफेद रेखा से आगे आकर मार्ग तक अपना सामान रखा हुआ है। यहां अक्सर देखा गया है कि भारी संख्या में लोगों का जमावड़ा होता है। कोई भी त्यौहार हो, लोग यहां अक्सर खरीद-फरोख्त करने आते हैं और दुकानदारों के इस रवैये के कारण लोगों के चलने के लिये जगह तक नहीं रहती है। अब सबसे बड़ा सवाल है कि प्रशासन के उन दावों का क्या, जो अक्सर करता है कि हमने लोगों के लिये यह किया, वो किया। जो भी किया पर धरातल पर उसका असर नहीं दिखा, तो सवाल यही है कि क्या किया ?

## 2 दुकानदारों से ज्यादा चलते फिरते रेहड़ी वालों ने कर रखा है अतिक्रमण



# मंसूरपुर पुलिस को बड़ी सफलता : चोरी की 6 कारों के साथ 4 भाईजान गिरफ्तार

### जनपद में सुनहरे अक्षरों में चमक रहा असामाजिक तत्वों का नाम

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बु.)।** मुजफ्फरनगर पुलिस को लगातार बड़ी सफलताएं हासिल हो रही हैं। कभी हवाला के जरिए 24 लाख ले जाते असामाजिक तत्व, कभी विदेशी नामचीन कम्पनियों के नाम का प्रयोग कर नकली फूड सप्लीमेंट बेचने वाले असामाजिक तत्वों का खुलासा होता है। वहीं इसी जनपद में पकड़े गए ककरौली के डेढ़ दर्जन से अधिक ऐसे लोगों का भी खुलासा होता है जो जनपद में कांवड़ यात्रा के दौरान साम्प्रदायिक उन्माद फैलाना चाहते थे। इसी क्रम में अब मंसूरपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है, जिसमें पुलिस ने चार भाईजानों मुसाहिद निवासी गांव सुजड़ू, आसिफ व अनस निवासीगण दीन मौहम्मद सुजड़ू व आजम निवासी रहमतनगर थाना खालापार को गिरफ्तार किया है।

रविवार को प्रेस वार्ता करते हुए एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि मंसूरपुर थाना प्रभारी सुभाष अत्री ने शाहपुर कट के निकट चैकिंग के दौरान उक्त सभी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एसपी सिटी ने बताया कि गिरफ्तार वाहन चोर दिल्ली, गुडगांव व नोएडा से चार पहिया वाहन चुराया करते थे और उन्हें अलग-अलग स्थान पर छिपा देते थे तथा कुछ समय बाद उत्तराखंड ले जाकर चोरी के वाहनों को कटवा देते थे। उक्त सभी कार्य चारों आरोपी पुराने वाहन काटने के लाईसेंस लेकर किया करते थे, जिससे इस आड़ में चोरी के वाहन भी काटे जा सकें। शातिर चोर दिल्ली से उन वाहनों को चुराया करते थे, जिनका रजिस्ट्रेशन समाप्त हो जाता था, जिससे आसानी से वाहन मालिक की शिकायत भी दर्ज न हो सके। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हाईवे पर ही एक प्लॉट से पांच चोरी की लग्जरी गाड़ियां खड़ी हुई बरामद की। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मुसाहिद कुछ दिन पहले ही जमानत पर जेल से बाहर आया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से कारों की कटी बॉडियां, तीन इंजन कंट्रोल, मोड्यूल, 3 लॉक, 2 तमंचे तथा गाड़ी खोलने के उपकरण बरामद किये हैं।






# एनडीए ने किया उपराष्ट्रपति उम्मीदवार का ऐलान, महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का नाम आया सामने

## ▶▶ जेपी नड्डा ने किया नाम का ऐलान, करीब दो घंटे चली बैठक



**नई दिल्ली, 17 अगस्त (एजेंसी)।** जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद से खाली हुई उपराष्ट्रपति के पद के लिये बीजेपी ने अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की बैठक में इस पर सहमति बनी। नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका ऐलान किया। राधाकृष्णन 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेगा। इस दौरान एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। लोकसभा में कुल सांसदों की संख्या 542 है। एक सीट खाली है। एनडीए के 293 सांसद हैं। इसी तरह राज्यसभा में 245 सांसद हैं। 5 सीट खाली हैं। एनडीए के पास 129 सांसद हैं। यह मानते हुए कि उपराष्ट्रपति के लिए नामांकित सदस्य भी एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करेंगे। इस प्रकार, सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन को कुल 422 सदस्यों का समर्थन हासिल है। बहुमत के लिए 391 सांसदों के समर्थन की जरूरत है। अगस्त 2022 में एनडीए उम्मीदवार जगदीप धनखड़ को 528 वोट मिले थे। वहीं, विपक्षी उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को सिर्फ 182 वोट मिले थे। तब 56 सांसदों ने वोट नहीं डाला था।

# व्हाट्सअप पर स्टेटस लगाकर लगा ली फांसी

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बु.)।** रविवार को नई मंडी थाना कोतवाली क्षेत्र में उस समय हड़कम्प मच गया, जब एक विवाहिता ने अपने मोबाइल पर स्टेटस लगाकर फांसी लगा ली। फांसी लगाने के साथ-साथ विवाहिता ने स्टेटस पर यह भी लिखा कि वह ससुरालियों की दहेज प्रताड़ना से तंग आकर ऐसा कर रही है। पुलिस ने उक्त मामले में तहरीर मिलने पर पति, सास व दो ननदों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आपको बता दें कि विवाहिता भोपा थाना क्षेत्र के होली चौक के रहने वाले सुबोध शर्मा की पुत्री गोल्डी शर्मा थी। इसी वर्ष 30 जनवरी 2025 को मयंक शर्मा निवासी शिवपुरी से उसका विवाह सम्पन्न हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था और रविवार की सुबह उसका शव पंखे के कुंडे से लटका हुआ मिला। विवाहिता ने फांसी लगाने से पहले अपने मोबाइल पर पति मयंक सहित सास रेखा, ननंद छवि व सुहानी के नाम से स्टेटस लगाया और लिखा कि ये सभी उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। सूचना पर नई मण्डी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल मौके पर पहुंचे और छानबीन के बाद फील्ड यूनिट को बुलाया। मामले की जांच के बाद गोल्डी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। फिलहाल पुलिस ने पति मयंक को हिरासत में लेकर चार अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप





!! श्री महावीराय नमः !!



माँ के बराबर कोई नहीं

**शोक सभा**

अत्यन्त दुःखी हृदय से सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय माताजी

**श्रीमती मधु जैन**

(ध०प० स्व० श्री जिनेन्द्र कुमार जैन, अमीरनगर वालों)

का आकस्मिक निधन दिन- मंगलवार, 12 अगस्त 2025 को हो गया है।

जिनकी आज रस्म पगड़ी (तेरहवीं) दिनांक 18 अगस्त 2025, दिन- सोमवार को दोपहर 2 बजे

स्थान- जैन औषधालय, प्रेमपुरी, मुजफ्फरनगर पर सम्पन्न होगी।

- : शोकाकुल परिवार : -

प्रवीण जैन-रेखा जैन (देवर-देवरानी)
राष्ट्रीय संगठन मंत्री (राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन)
पंकज जैन-नीतू जैन (पुत्र-पुत्रवधू)
पुनीत जैन-शैफाली जैन (पुत्र-पुत्रवधू)
प्रतीक जैन (भतीजा)
पीयूष, अपूर्व (पौत्र)
अदिति, स्पर्शी, पार्श्वी (पौत्री)

वंदना - संजीव जैन (पुत्री-दामाद)
नीलम-संदीप जैन (पुत्री-दामाद)
रूचि-श्रेयांश जैन (पुत्री- दामाद)
छाया-आकाश जैन (पुत्री-दामाद)
पलक-मोहित जैन (भतीजी-दामाद)
मेघा, कनक, मुस्कान, अनन्या, रेहा (धेवती)
रितिक, अनिकेत, लक्ष्य (धेवते)
स्वरित, मिहिल (धेवते)

-प्रतिष्ठान -

जिनेन्द्र एजेन्सीज (नेहा मेहंदी वाले)
6-प्रेमपुरी, मु०नगर

जैन पुस्तक सदन
28, कुन्दनपुरा, मु०नगर

-निज निवास-
6-प्रेमपुरी, जैन कन्या इण्टर कालेज के सामने, मुजफ्फरनगर
M.: 9897678317, 9634508877, 9319480164

नमनकर्ता- सिद्धार्थ फर्नीचर परिवार 33- प्रेमपुरी, मेन रोड, मुजफ्फरनगर

25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE | MAX Healthcare

मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली (ग़ाज़ियाबाद) के श्रेष्ठ विशेषज्ञों से परामर्श अब आपके शहर मुज़फ्फरनगर में



**डॉ. चिराग जैन**
सीनियर कंसल्टेंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
मंगलवार, 19 अगस्त, 2025 | सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे
गंगा राम हॉस्पिटल, जिला परिषद कॉलोनी, सदर बाजार, मुज़फ्फरनगर, उत्तर प्रदेश

**डॉ. राजिंदर कौर सग्गू**
सीनियर डायरेक्टर - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (ब्रेस्ट कैंसर)
गुरुवार, 21 अगस्त, 2025 | सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे
सेवा मेडिकेयर, महावीर चौक मुजफ्फरनगर

**डॉ. निकुंज अग्रवाल**
एसोसिएट डायरेक्टर - ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट
शुक्रवार, 22 अगस्त, 2025 | सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे
एसकेबी आरोग्यम हॉस्पिटल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: +91-82188 74540

www.maxhealthcare.in
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई)
डब्ल्यू-3, सेक्टर -1, वैशाली, गाजियाबाद - 201012, (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000

## गोल्डन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बुस.)।** पचेंडा रोड स्थित, गोल्डन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की 79 वीं वर्षगांठ बड़े ही उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंध समिति एवं प्रधानाचार्या द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष इंद्रसेन बिंदल, उपाध्यक्ष अनमोल ढींगरा संग आकृति ढींगरा, सचिव सुशील कुमार, उपसचिव



रितिका बिंदल, निदेशक अमित शर्मा तथा कोषाध्यक्षा ऋतु शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, कविताओं और भाषणों की प्रस्तुतियां दी। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा धारण कर आकर्षक प्रस्तुतियां दी, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। कतिपय छात्रों ने ऑपरेशन सिंदूर नाट्य मंचन द्वारा आतंकवाद के खिलाफ अपनी दृढ़ नीति और रणनीतिक व कूटनीतिक क्षमता का प्रदर्शन कर कार्यक्रम में वीर योद्धाओं के बलिदान को जीवंत कर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम वर्मा ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को देश की प्रगति, एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमें स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों को पालन करना चाहिए।







# नगर में पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को दी गई श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बु.)।** कई राज्यों के राज्यपाल रहे स्वर्गीय सत्यपाल मलिक की श्रद्धांजलि सभा में जाट समाज के साथ ही दलित वर्ग से हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके राजनीतिक जीवन व संघर्षों को याद किया। सभा में भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नरेश टिकैत, सांसद हरेंद्र मलिक, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन तथा अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय महासचिव चौ. युद्धवीर सिंह मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि स्व. श्री मलिक ने जीवन भर किसान, मजदूर व समाज के हर वर्ग के लिए संघर्ष किया। सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि सत्यपाल मलिक ने 30 साल तक जिस पार्टी की सेवा की, उसी ने उन्हें अंतिम समय में अपमानित किया। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन वह किसी सम्मान के मोहताज नहीं थे। चौ. युद्धवीर सिंह ने कहा कि सत्यपाल मलिक ने ईमानदारी से समाज व किसानों के हित में कार्य किए। भाकियू नेता चौ. नरेश टिकैत ने कहा कि सत्यपाल मलिक किसानों की आवाज सरकार तक पहुंचाते रहे, इसी कारण उन्हें परेशान किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आवाज उठाने वालों को दबाने का प्रयास करती है। भीम आर्मी प्रमुख विनय रतन ने घोषणा की कि वो राजनीति में सत्यपाल मलिक के पदचिह्नों पर चलेंगे। इस दौरान राजवीर सिंह जिलाध्यक्ष जाट महासभा, यानेंद्र जौहल उपाध्यक्ष, अरविंद जौहल मंडल अध्यक्ष, विजय चौधरी, मनीष चौधरी, अमन रॉयल, सतेंद्र राठी, आशीष बालियान, संजय राठी, रंजनवीर सिंह एड, देवी सिंह सिंभालका, कृष्णपाल राठी, मनमोहन सिंह मेयर जम्मू कश्मीर, सुभाष बालियान सर्वखाप मंत्री, अंकुर काकरान, डॉ. जीत सिंह तोमर, विश्वेंद्र चौधरी, रमेश मलिक, मिंटू प्रधान, डॉ. शरणवीर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक और राजनीतिक हस्तियां मौजूद रहीं। श्रद्धांजलि सभा में उमड़ी भीड़ ने यह संदेश दिया कि सत्यपाल मलिक किसानों और समाज के बीच आज भी गहरी छाप छोड़ गए हैं।

## दी गुड खांडसारी एंड ग्रेन मर्चेंट एसो. ने किया ध्वजारोहण

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बु.)।** दी गुड खांडसारी एंड ग्रेन मर्चेंट एसो. कार्यालय पर 15 अगस्त के मौके पर हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण अध्यक्ष संजय मित्तल ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप व विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अशोक कंसल रहे। दोनों अतिथियों के स्वागत के बाद



व्यापारियों को आजादी के इस पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उन वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित दी जिनके कारण हमें आजादी मिली। अध्यक्ष संजय मित्तल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हमें प्रण लेना चाहिए कि स्वदेशी अपनाओ-विदेशी भगाओ। जब हम ऐसा करेंगे तो कोई भी देश हमें आंख नहीं दिखा सकेगा। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ की। इस दौरान हरि शंकर मुंधड़ा, अरविंद गोयल, हरि शंकर तायल, सुरेंद्र बंसल, अमरीश सिंघल, श्याम सिंह सैनी, महेश चौहान, कृष्ण चंद्र मुंधड़ा, अमित जैन, अंकित गोयल, मुकेश जैन, शिव रतन सिंघल, देवेंद्र जैन, मनमोहन मुंधड़ा, नितिन सिंघल, निरंजन कुमार, विजय कुमार, अमित जैन, संदीप गुप्ता, अतुल जैन, चरण सिंह, सुदेश जैन, निकुंज बंसल, अमरेश कुमार, अभिनंदन जैन, प्रमोद मित्तल, महावीर जैन, रामपाल, सुनील कुमार, विकल्प जैन पूर्व सभासद, कविता पाल, सभासद मनोज वर्मा, राजीव शर्मा, राकेश गर्ग, निकुंज, पंकज जिंदल, अशोक जिंदल, मुकेश जैन, अंकित गोयल, अजय सिंघल, मंगतराम, चिरंजीलाल, राजेश आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## सपा कार्यालय पर हुआ ध्वजारोहण

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बुस.)।** नगर में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कई स्थानों पर ध्वजारोहण हुआ। महावीर चौक स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर भी ध्वजारोहण हुआ। इस दौरान सांसद हरेंद्र मलिक, जिला अध्यक्ष जिया चौधरी, महानगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र बॉबी त्यागी इंदरलोक ने झंडा फहराया। इसके अलावा सपा के महानगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र बॉबी त्यागी ने कई जगह स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में हिस्सा लिया और अपने प्रतिष्ठान पर ध्वजारोहण किया। इस दौरान उनके प्रतिष्ठान पर परिवार के लोगों के अलावा विपिन त्यागी, श्याम बिहारी, नीरज गुप्ता, बृजेश त्यागी, मनोज त्यागी, विपिन त्यागी बैंक, नीरज त्यागी, जॉनी भगत जी, परवेज राणा, दीपक पाल, कपिल राठी व दुर्गेश पाल आदि उपस्थित थे।

## पीआर पब्लिक स्कूल में मना आनंद एवं धूमधाम से जन्माष्टमी पर्व

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बु.)।** ॐ कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने। प्रणतः क्लेश नाशाय गोविन्दाय नमो नमः॥ के उद्घोष के बीच नगर के पचेंडो रोड स्थित पीआर पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े हर्ष, उत्साह व आनंद के साथ मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ-साथ रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पीआर पब्लिक स्कूल गांधी कॉलोनी की प्रधानाचार्य मीना सिंघल व स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद कक्षा नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के नन्हें बाल कलाकारों द्वारा कृष्ण लीलाओं का मनमोहक मंचन किया। वहीं यूकेजी एवं एलकेजी के छात्रों की ओर से मटकी फोड़ प्रतियोगिता का खूब आनंद लिया गया। पीआर पब्लिक स्कूल में संपन्न हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इस अवसर पर कक्षा 1 से कक्षा 11 तक के छात्र-छात्राओं के लिए बांसुरी मेकिंग, मटकी डेकोरेशन तथा श्रीकृष्ण भगवान से जुड़े हुए गीत तथा श्लोकों का वाचन आदि प्रतियोगिताओं का सुन्दर आयोजन किया गया। इन सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अन्य बच्चों ने इन प्रतियोगिताओं का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल ने सभी को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी एक हिंदू पर्व है जो भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिन्हें भगवान विष्णु का आठवाँ अवतार माना जाता है। यह पर्व भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। भक्ति परंपरा का पालन करने वाले भक्तों के लिए जन्माष्टमी का विशेष महत्व है और इसे देश के विभिन्न हिस्सों और वैश्विक हिंदू समुदाय द्वारा उत्साह और भक्ति के साथ मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि यह पर्व आध्यात्मिक चिंतन, सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ सांप्रदायिक मेलजोल का अवसर भी देता है। विद्यालय में जन्माष्टमी उत्सव का उद्देश्य छात्रों के साथ कर्मचारियों को भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में एक साथ लाना और संस्थान के भीतर एकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित और संपन्न कराने में मुख्य रूप से प्रवीण कुमार, दिव्या शर्मा, ममता पुंडीर, प्राची त्यागी, रितु त्यागी, मोनिका त्यागी, पायल कौशिक, इशिका, रितु, शिखा ठाकुर, राखी पाल, अनुपम सैनी, शंकर शर्मा, प्रियांशी ठाकुर एवं चांदनी आदि का विशेष योगदान रहा।







## संग्रह अमीन संघ सदर की कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बु.)।** संग्रह अमीन संघ तहसील सदर की कार्यकारिणी का चुनाव रविवार को संपन्न हो गया, जिसमें अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी मुनव्वर हसन व बिजेंद्र कुमार के बीच कांटे के चुनाव में दोनों प्रत्याशियों को बराबर मत मिले। ऐसी स्थिति में चुनाव के बाद सर्वसहमति के बाद पर्ची के माध्यम से मुनव्वर हसन को अध्यक्ष पद पर घोषित किया गया। तहसील सदर में संग्रह अमीन संघ की नई कार्यकारिणी में संरक्षक नरेंद्र गुर्जर व विनीत गुर्जर, अध्यक्ष मुनव्वर हसन, सचिव जोरा सिंह, सह सचिव जय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी केपी सिंह, उपाध्यक्ष सुरेश पाल, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा, संगठन मंत्री मोमिन अहमद, ऑडिटर असगर मेहंदी व राजेश्वर सिंह को बनाया गया।

## संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति ने किया झंडारोहण

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बु.)।** स्वतंत्रता दिवस पर संयुक्त व्यापार संघ कैंप कार्यालय नवीन मंडी स्थल पर समिति के अध्यक्ष संजय मिश्रा द्वारा झंडारोहण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष मंडल व प्रभारी कृष्ण गोपाल मित्तल, प्रदेश मंत्री सरदार बलविंदर सिंह, जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी एवं संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा ने



संयुक्त रूप से झंडारोहण करते हुए व्यापारियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। झंडारोहण कार्यक्रम में समिति के संरक्षक कृष्ण गोपाल मित्तल व अध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति के हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई हर वर्ग के व्यापारियों द्वारा एकजुटता के साथ स्वतंत्रता के इस पर्व को मनाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस को हम सभी के द्वारा मिलकर एक पर्व के रूप में मनाना चाहिए। इस दौरान प्रदेश युवा उपाध्यक्ष तरुण मित्तल, रवि शर्मा, रमन शर्मा, सुखबीर सिंह, राघव मिश्रा, विजय प्रताप सिंह, विशाल जैन, संजीव शास्त्री, सचिन शर्मा, सुरेंद्र मित्तल, कुश कुच्छल, मोहित गुप्ता, निशांत शर्मा, प्रदीप गर्ग, विक्की चावला, नदीम सुरेश आदि पदाधिकारी व गणमान्य उपस्थित रहे।

## चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मना

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बुस.)।** नगर के चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी धूम धाम से मनाया गया। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या सान्या निगम ने जूनियर विंग में कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन से करते हुए जन्माष्टमी की शुभकामनायें देते हुए कहा कि



यह दिन भगवान कृष्ण के जन्म का उत्सव मनाने के लिए मनाया जाता है और यह उनके भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन कृष्ण को समर्पित मंदिरों को फूलों, रोशनी और अन्य उत्सव की वस्तुओं से सजाया जाता है। भक्त उपवास करते हैं और कृष्ण से प्रार्थना करते हैं और उनमें से कई उनके जन्म का जश्न मनाने के लिए पूरी रात जागते भी हैं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने राधे राधे, वो कृष्णा है, मधुबन में जो, राधा ढूंढ रही, आदि गानो पर नृत्य, औ पालन हारे आदि जैसे भजन और हांडी फोड़ने आदि की प्रस्तुति दी। बच्चे राधा-कृष्ण, गोपियां, ग्वाले, बलराम, यशोदा, नंद की वेषभूषा में नजर आए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर पांचाल ने सीनियर विंग में पूजा-अर्चना करते हुए सभी को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनये देते हुए श्री कृष्ण के बारे में बताते हुए कहा कि कृष्ण हिंदू धर्म में एक लोकप्रिय देवता हैं, जिनकी पूजा उनके चंचल और शरारती स्वभाव के साथ-साथ उनकी बुद्धि और करुणा के लिए की जाती है। उन्हें प्रेम, करुणा और चंचलता का अवतार माना जाता है। इस अवसर पर सीनियर विंग के कक्षा-6 से कक्षा-8 से तक के विद्यार्थियों ने मुकुट एवं





कक्षा-9 से 12 तक के छात्र छात्रों नें भिन्न-भिन्न रूपों में बड़े सुन्दर ढंग से मटकी सजाई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपने रंगारंग प्रस्तुतियों से चार चांद लगा दिया। इस मौके पर सभी बच्चे और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं और अंत में पुरस्कार देकर बच्चों व शिक्षकगण को सम्मानित किया गया।

**Name Change**

I have changed my name from Akram to Mohammad Akram. In future, I should be known by this name only. Mohammad Akram S/o Islam, resident of H.No. 107, Village Basdhara, Post Dinkarpur, District Muzaffarnagar, U.P. PIN-251318.

## जिला सहकारी बैंक में रक्तदान शिविर के साथ धूमधाम से मनाया 79वाँ स्वतन्त्रता दिवस

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बु.)।** जिला सहकारी बैंक लि. मुजफ्फरनगर मुख्यालय पर बैंक सभापति ठा. रामनाथ सिंह तथा उपसभापति मुकेश कुमार जैन के नेतृत्व में 79वीं स्वतन्त्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया। बैंक मुख्यालय पर ध्वजारोहण के बाद सामूहिक राष्ट्रगान गाते हुए सभी अधिकारी-कर्मचारी देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत नजर आये। ध्वजारोहण के बाद बैंक सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने आजादी के आन्दोलन में अपना सब न्यौछावर करने वाले स्वतन्त्रता सेनानियों के प्रेरणादायी कार्यों को याद करते हुए उन्हें नमन किया। सभापति ठा. रामनाथ सिंह ने शहीदों की याद दिलाते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश का नागरिक किसी भी क्षेत्र में कार्यरत हो, यदि वह अपने कार्य को पूरे मन व साफ नीयत के साथ कर रहा है तो वही सच्ची देशभक्ति है। उपसभापति मुकेश जैन ने भी स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए आह्वान किया कि बैंक कर्मी देश के आर्थिक विकास की रीढ़ हैं और सामान्य जन का बैंकों व कर्मचारियों पर अटूट विश्वास है। बैंक सचिव व मुख्यकार्यपालक अधिकारी राजेश कुमार ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजादी के संघर्ष की कहानी अपनी युवा पीढ़ी को अवश्य बतानी चाहिए ताकि उन्हें आजादी के महत्व का भान हो सके। इस दौरान बैंक ने मिशन वन्दे मातरम दा ट्रस्ट के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया, जिसका उद्घाटन बैंक सभापति ठा. रामनाथ सिंह ने किया। रक्तदान शिविर में भारी संख्या में बैंक तथा समितियों के कर्मचारियों व आम लोग रक्तदान में शामिल हुए। शिविर में शुगर, कोलेस्ट्राल, विटामिन-सी, यूरिक एसिड की फ्री जांच की व्यवस्था की गई। डॉ. अमित कुमार ने रीढ़ की हड्डी एवं गुदा रोग, डॉ. दिनेश कुमार ने जोड़ों के दर्द व फालिज, होम्योपैथ डॉ. रितिका ने अस्थमा, माईग्रेन, एलर्जी, चर्म रोग तथा हेयर फाल के मरीजों को परामर्श व दवा वितरित की।

## लिटिल मैनर स्कूल में उल्लासपूर्वक मनाया गया 79वाँ स्वतंत्रता दिवस

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बुस.)।** नई मंडी स्थित प्रतिष्ठित लिटिल मैनर स्कूल में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक अंकुर गोयल ने ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ किया। इस अवसर पर बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति ने वातावरण को और भी ऊर्जावान बना दिया। इस विशेष दिन पर शिक्षकों ने बच्चों को स्वतंत्रता संग्राम के संघर्षपूर्ण इतिहास से अवगत कराया और बताया कि किस प्रकार महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, सरदार वल्लभभाई पटेल सहित अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के प्रयासों से भारत को आजादी मिली। विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य एवं लघु नाटक शामिल थे। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने फैंसी ड्रेस शो में भाग लेकर विभिन्न राष्ट्रीय नेताओं की वेशभूषा धारण की और उनके प्रसिद्ध संवाद एवं नारे प्रस्तुत किए, जिसे देखकर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय को विशेष रूप से सजाया गया था - हर कोना तिरंगे के रंगों से सुसज्जित था और बच्चों ने स्वयं मनमोहक चित्रकारी कर इस सजावट में अपना योगदान दिया। इस सुंदर वातावरण ने कार्यक्रम की शोभा और बढ़ा दी। अपने संबोधन में अंकुर गोयल ने कहा कि "आज हम जिस स्वतंत्र भारत में साँस ले रहे हैं, वह लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का परिणाम है। हमें न केवल इस आजादी की रक्षा करनी है, बल्कि देश को और ऊँचाइयों तक पहुँचाना है। कार्यक्रम का समापन सभी विद्यार्थियों द्वारा गाए गए "सारे जहाँ से अच्छा" गीत के साथ हुआ, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम की सफलता का श्रेय समस्त शिक्षक, छात्र एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया।








## श्री कुन्द कुन्द जैन ऐजूकेशन एसोसिएशन, खतौली

कार्यालय- श्री महावीरा टायर एजेन्सीज, विक्रान्त विला, जी0टी0 रोड, खतौली (मुजफ्फरनगर)

**निर्वाचन सूचना**

सदस्य संख्या ......................... दिनांक 18.08.2025

महोदय/ महोदया,

श्री कुन्द कुन्द जैन एजुकेशन एसोसिएशन खतौली की कार्यकारिणी एवम् एसोसिएशन द्वारा संचालित श्री कुन्द कुन्द जैन (पी0जी0) कॉलेज, श्री कुन्द कुन्द जैन इण्टर कॉलेज, श्री कुन्द कुन्द जैन कन्या विद्यालय एवं श्री कुन्द कुन्द जैन पब्लिक स्कूल खतौली की प्रबंध समितियों के आगामी निर्वाचन हेतु मतदान (यदि आवश्यक हुआ) एवं चुनाव परिणाम की घोषणा हेतु दिनांक 02.06.2025 को निर्वाचन कार्यक्रम आदि की सूचना आपको प्रेषित की गयी थी। जिसको माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा रिट संख्या 20292/2025 के निर्णय अनुसार रोक दिया गया था। परन्तु माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की स्पेशल रिट संख्या 496/2025 के निर्णय के अनुसार चुनाव कार्यक्रम पर लगी रोक को हटा दिया गया है। जिसका संशोधित निर्वाचन कार्यक्रम निम्नवत है।

**निर्वाचन कार्यक्रमः- निर्वाचन कार्यालय एवं निर्वाचन स्थलः- श्री कुन्द कुन्द जैन इण्टर कॉलेज, रेलवे रोड, खतौली**

| क्र0 सं0 | निर्वाचन कार्यक्रम | दिनांक | दिन | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मतदाता सूची अवलोकनार्थ | 14.09.2025 | रविवार | प्रातः 09.00 बजे से 11.00 बजे तक | निर्वाचन स्थल |
| 2 | मतदाता सूची पर आपत्ति | 20.09.2025 | शनिवार | प्रातः 09.00 बजे से 12.00 बजे तक | निर्वाचन स्थल |
| 3 | मतदाता सूची पर प्राप्त आपत्ति का निराकरण व अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन | 21.09.2025 | रविवार | प्रातः 09.00 बजे से 11.00 बजे तक | निर्वाचन स्थल |
| 4 | नामांकन शुल्क जमा करने एवं नामांकन पत्र प्राप्त करने हेतु | 22.09.2025 | सोमवार | प्रातः 09.00 बजे से 01.00 बजे तक | निर्वाचन स्थल |
| 5 | नामांकन पत्र प्रस्तुति | 23.09.2025 | मंगलवार | प्रातः 09.00 बजे से 12.00 बजे तक | निर्वाचन स्थल |
| 6 | नामांकन पत्रों पर आपत्ति | 23.09.2025 | मंगलवार | प्रातः 12.00 बजे से 01.00 बजे तक | निर्वाचन स्थल |
| 7 | नामांकन पत्रों की जांच एवं आपत्ति निराकरण | 23.09.2025 | मंगलवार | अपराह्न 1.00 बजे से 02.00 बजे तक | निर्वाचन स्थल |
| 8 | नामांकन पत्रों की वापसी | 23.09.2025 | मंगलवार | अपराह्न 2.00 बजे से 03.00 बजे तक | निर्वाचन स्थल |
| 9 | अंतिम प्रत्याशी सूची का प्रकाशन | 23.09.2025 | मंगलवार | सायं 3.00 बजे | निर्वाचन स्थल |
| 10 | चुनाव चिन्ह का आवंटन | 23.09.2025 | मंगलवार | सायं 4.00 बजे | निर्वाचन स्थल |
| 11 | गुप्त मतदान यदि आवश्यक हुआ | 26.10.2025 | रविवार | प्रातः 10.00 बजे से 3.00 बजे तक | निर्वाचन स्थल |

निर्विरोध/चुनाव की आवश्यकता न होने की स्थिति में नवनिर्वाचित प्रबंध समिति की घोषणा दिनांक 23.09.2025 को अन्यथा की स्थिति में मतगणना मतदान समाप्ति के पश्चात उसी दिन प्रभावी प्रशासन योजना के अनुसार होगी, जिसके पश्चात परिणामों की घोषणा चुनाव अधिकारी (पीठासीन अधिकारी) द्वारा की जायेगी।

संलग्नकः-
1. हस्ताक्षरित एवं रसीदी टिकट चिपका हुआ प्रॉक्सी फार्म एवं लिफाफा।
2. जो बाहरी सदस्य अपना मतपत्र पंजीकृत डाक द्वारा मंगाना चाहता है उसके लिए प्रार्थना-पत्र एवं लिफाफा।

नोटः- साधारण सभा के सभी सदस्यों को निर्वाचन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी पंजीकृत डाक के माध्यम से भेज दी गयी है।
नामांकन पत्र - नामांकन फीस की रसीद, आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ पासपोर्ट साइट फोटो संलग्न कर प्रस्तुत करना होगा।
इसके अतिरिक्त जानकारी के लिए एसोसिएशन/निर्वाचन कार्यालय से सम्पर्क करें।

आशीष द्विवेदी
निर्वाचन अधिकारी
प्रधानाचार्य, राजकीय इ0का0
बहादरपुर, मुजफ्फरनगर


## जी.डी.गोयनका पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बुस.)।** जी.डी.गोयनका पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि पवन गोयल तथा अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय गान गाया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. स्वाति शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपनी ओज पूर्ण वाणी के द्वारा छात्रों को आजादी के महत्व के विषय में बताते हुए कहा कि आज हम सब अपने जिस तिरंगे के नीचे खड़े होकर उस आजादी का जश्न मना रहे हैं, उसके लिए हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया।






यह स्वतंत्रता हमें एक दिन में नहीं मिली। इसके पीछे दशकों तक संघर्ष,बलिदान और त्याग की लंबी कहानी है। तत्पश्चात अतुलनीय भारत विषय के अन्तर्गत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का अयोजन भी किया गया, जिसके अंतर्गत कक्षा नर्सरी - यूकेजी के छात्रों ने विभिन्न राज्यों के परिधान पहनकर प्रदर्शन किया। कक्षा एक के छात्रों ने राष्ट्रीय चिह्नों से युक्त वस्त्रों का प्रदर्शन किया एवं कक्षा दो के छात्रों ने विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा धारण कर अपनी-अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गानें जैसे -जहाँ डाल -डाल पर सोने की चिड़िया.........., कंधो से कंधे मिलते हैं..........पर नृत्य, गीत, भाषण व शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए एक भावनात्मक नृत्य नाटक का आयोजन किया, जिसने कार्यक्रम में उपस्थित सभी की आँखें नम कर दीं। संपूर्ण कार्यक्रम ने सभी दर्शकों को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक एवं समिति के अन्य सदस्य सुशील गोयल, कपिल गोयल, मुनीश गोयल, सुलभ गोयल व शाश्वत गोयल ने छात्रों को संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए उनके मंगल भविष्य की कामना की। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या अंजलि आनंद ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया तथा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है, जिसे हमें आपसी मतभेदों को भुलाकर एक साथ देश के सभी नागरिकों को राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाना चाहिए व अपने देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करते रहना चाहिए, ताकि हम एक सच्चे देशभक्त कहलाएँ। कार्यक्रम के समापन समारोह में पतंग उड़ाने की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों एवं अभिभावकों ने विशेष रूप से बढ़-चढ़कर भाग लिया।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## मतदाता अधिकार यात्रा और चुनाव आयोग

बिहार के सासाराम से कल राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया को लेकर मतदाता अधिकार यात्रा आरम्भ कर दी है। यह यात्रा 25 जिलों से होकर गुजरेगी और 01 सितंबर को पटना में रैली के साथ समाप्त होगी। कल ही मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन, एसआईआर को लेकर विपक्ष के आरोपों को भ्रम फैलाने की कोशिश कहा है। चारा घोटाले में सजायाफ्ता लालू प्रसाद यादव ने कहा कि चोरों को हटाइए, बीजेपी को भगाइए, हमारी पार्टी को जिताइए। इस पर भाजपा नेताओं ने कहा कि यह अपील तो जनता पहले ही से समझी हुई है, तभी तो चोरों को सत्ता से हटा रखा है। कमाल यह है कि अदालत से चोरी की सजा पाकर भी कोई ऐसी बातें कैसे कर लेता है? यह बेशर्मी की नयी मिसाल है, यह मंडली कितनी ही नौटंकी करले, सत्ता में नहीं आएगी। जीतन राम मांझी ने कहा कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण से कौन डर रहा है? केवल वही जो फर्जी मतदाताओं के आधार पर राजनीति कर रहा है। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि नब्बे के दशक में होने वाली वोट की लूट और बूथ कैप्चरिंग बिहार भूला नहीं है। नयी पीढ़ी को यह जरूर देखना और पढ़ना चाहिए कि किन हालातों से निकलकर बिहार ने आज तरक्की की है। केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि इन लोगों ने महाराष्ट्र चुनाव में फर्जी न्यूज फैक्ट्री चलाने की कोशिश की थी, अब वही काम बिहार में करने जा रहे हैं। राहुल गांधी को अपने हर कदम की कीमत चुकानी होगी। यह राजनीति और ड्रामा सिर्फ वोटों के लिए है। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि बिहार में जननायक तो सिर्फ एक ही हैं, भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर। भेष बदलकर आए राहुल गांधी तिरंगे के खलनायक हैं। कांग्रेस ने अपने पोस्टर से भारत के झंडे को हटाकर घुसपैठिया बचाओ यात्रा की शुरूआत कर दी है। यह सिर्फ अपने वोट बैंक को साधने की मुहिम है। हिंदुस्तान के खलनायक को बिहार जवाब देगा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि जहां भी चुनाव होते हैं, वहां गड़बड़ी कर बीजेपी जीतती है। लोकसभा चुनाव में हमारा गठबंधन जीतता है, लेकिन चार महीने बाद बीजेपी गठबंधन जीत जाता है। राहुल ने दावा किया कि जांच में सामने आया कि एक करोड़ नए वोटर बनाए गए, जिससे लोकसभा और विधानसभा के बीच इतना बड़ा अंतर आया। कर्नाटक के उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड निकालकर तुलना की गई, तो पाया गया कि एक विधानसभा में ही एक लाख वोटों की चोरी हुई है। राहुल के तमाम आरोपों पर विभिन्न चैनलों ने कितने ही कार्यक्रम बनाकर यह प्रमाणित किया कि जो राहुल कह रहे हैं, प्रेस कांफ्रेस में मतदाता सूची दिखा रहे हैं, उनमें कोई बात भी सच से नहीं जुड़ती। पिछले दिनों इन्हीं सब को लेकर उनका खूब मजाक उड़ा। अब चुनाव आयोग ने बड़े विस्तार से राहुल के और विपक्ष के सवालों का जवाब दिया है। नयी दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि अगर सही समय पर त्रुटि हटाने का आवेदन न हो और फिर वोट चोरी जैसे गलत शब्दों का इस्तेमाल कर जनता को गुमराह किया जाए, तो ये लोकतंत्र का अपमान है। कुछ मतदाताओं ने वोट चोरी के आरोप लगाए, सबूत मांगने पर जवाब नहीं मिला। ऐसे आरोपों से इलेक्शन कमीशन नहीं डरता है। ज्ञानेश कुमार ने कहा जब चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रखकर मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा हो, तो हम स्पष्ट करते हैं कि चुनाव आयोग निडरता के साथ गरीब, अमीर, बुजुर्ग, महिला, युवा समेत सभी धर्मों-वर्गों के लोगों के साथ चट्टान की तरह खड़ा है, खड़ा था और खड़ा रहेगा। राहुल का आरोप था कि चुनाव आयोग ने भाजपा के साथ चुनाव चुराया। राहुल गांधी ने वोटर लिस्ट में गड़बड़ी पर 01 घंटे 11 मिनट तक 22 पेज का प्रेजेंटेशन दिया। राहुल ने स्क्रीन पर कर्नाटक की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में संदिग्ध वोटर मौजूद हैं, जबकि इस प्रेजेंटेशन के बाद लोगों ने कहा कि सब त्रुटियों को ठीक करने का एक ही उपाय है, एसआईआर जिसका विरोध किया जा रहा है। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया में एक करोड़ से ज्यादा कर्मचारी, 10 लाख से ज्यादा बूथ लेवल एजेंट, उम्मीदवारों के 20 लाख से ज्यादा पोलिंग एजेंट काम करते हैं। इतने सारे लोगों के सामने इतनी पारदर्शी प्रक्रिया में क्या कोई वोट चुरा सकता है? ज्ञानेश कुमार ने कहा, बिहार के एसआईआर में त्रुटि हटाने के लिए अभी भी 15 दिनों का समय बाकी है। चुनाव आयोग सभी दलों और बीएलए को आह्वान करता है कि आने वाले 15 दिनों में सूची में त्रुटि को फॉर्म भरकर बताएं, सभी के लिए चुनाव आयोग के दरवाजे खुले हैं। जमीनी लेवल पर सभी बीएलओ, बीएलए और मतदाता मिलकर काम कर रहे हैं। ये गंभीर चिंता का विषय है कि राजनीतिक दलों के बीएलए के द्वारा सत्यापित ये सूची के बारे में सूचना उनके हाईकमान के पास नहीं पहुंच पा रही है या भ्रम फैलाने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा पिछले 2 दशक से मतदाता सूची में सुधार की मांग की गई, जिसके बाद एसआईआर की शुरूआत बिहार से की गई। इस प्रक्रिया में बीएलओ और राजनीतिक पार्टियों द्वारा नामित बीएलए ने मिलकर प्रारूप सूची तैयार की है, जब ये तैयार हो रही थी तो सभी राजनीतिक दलों के बीएलए ने साइन कर सत्यापित की। इसमें त्रुटि हटाने के लिए सभी राजनीतिक दल और मतदाता योगदान दे रहे हैं, जो मतदाता 01 जुलाई या 01 अक्टूबर को 18 साल के होने वाले हैं। ऐसे 1 लाख मतदाताओं ने भी आवेदन किया है। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि भारत के संविधान के अनुसार केवल भारत के नागरिक ही विधायक, सांसद का चुनाव कर सकते हैं, किसी अन्य देश के नागरिकों को यह अधिकार नहीं है। अगर ऐसे लोगों ने गणना फॉर्म भरा है, तो एसआईआर प्रक्रिया में उनकी पात्रता साबित करने के लिए कुछ दस्तावेज मांगे गए हैं, जिनकी 30 सितंबर तक पूरी जांच होगी। ऐसे केस में गहन जांच के दौरान ऐसे लोग पाए जाएंगे, जो हमारे देश के नागरिक नहीं हैं और निश्चित तौर से उनका वोट नहीं बनेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि कानून के अनुरूप हर राजनैतिक दल का जन्म चुनाव आयोग में रजिस्ट्रेशन ही से होता है, तो चुनाव आयोग उन्हीं दलों में कैसे भेदभाव कर सकता है। चुनाव आयोग के लिए न तो कोई पक्ष है, न ही कोई विपक्ष, सब समकक्ष हैं। देखना यह है कि चुनाव आयुक्त की ये बातें कितने नेताओं की समझ में आती हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'जाहिल' 'सड़क' 'खेल' 'चोर'

दो-दो जाहिल अब सड़क पर आ गए हैं साथ-साथ,
ऐसे लोगों को सियासी खेल से हटवाइये।
इतना सुन कर आम जनता भी बहुत हंसने लगी,
चोर ने हंस कर कहा कि, चोर को भगवाइये।

# मौसम के बदलते मिजाज के बीच फिर बारिश की दस्तक

### - रविवार को बादलों की उमड़-घुमड़ के बीच 3.2 एमएम बारिश - अगले 72 घंटों में फिर बदल सकता है वेस्ट यूपी का मौसम

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बु.)।** दिल्ली-एनसीआर के साथ मानसून अपने आखिरी दौर में भी समूचे उत्तर प्रदेश को तर-बतर करने के लिए तैयार है। मौसम के बदलते इस मिजाज के बीच जहां मुजफ्फरनगर में बीते एक सप्ताह से रिमझिम और झमाझम बारिश के चलते मौसम सुहावना और राहत भरा साबित रहा, वहीं किसानों के चेहरों की मुस्कान इस बारिश से मिली राहत को बयां करती दिखाई दे रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ केंद्र ने इन्हीं हालातों के बीच में एक नया पूवार्नुमान जारी किया है, जिसके तहत पश्चिमी यूपी के कई जनपदों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम से बचने के लिए सावधान रहने व खासकर वज्रपात से बचने के लिए खुले स्थानों से दूर रहने की सलाह दी है। मौसम में जारी बदलाव के बीच दिल्ली-एनसीआर समेत यूपी के पूर्वी भाग में पिछले 48 घंटों से मौसम शुष्क बने रहने के साथ तेज धूप निकल रही है और गर्मी भी बढ़ गई है। एक-दो जगहों को छोड़कर ज्यादातर जिलों में आसमान साफ है। वहीं, दूसरी ओर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। मौसम विभाग का मानना है, कि अगले 3 दिनों में फिर से मानसून लौटेगा और फिर झमाझम बारिश हो सकती है। इसके चलते पूर्वी और पश्चिमी यूपी में बारिश की संभावना है। इन हालातों के बीच पिछले 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में अनुमान बारिश 8.4 एमएम के सापेक्ष 0.5 एमएम रिकॉर्ड की गई जो कि सामान्य से 94% कम है। वहीं, पश्चिम उत्तर प्रदेश में अनुमान है कि बारिश 9.3 एमएम के सापेक्ष 1.2 एमएम रिकॉर्ड की गई, जो कि सामान्य से 87 प्रतिशत कम है। उधर, अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो कि सामान्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो कि सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक रहा। स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार सोमवार में आसमान पूरी तरह से साफ रहने के साथ धूप खिलने और दोपहर में कुछ जगहों पर बादलों की आवाजाही हो सकती है। तापमान में बढ़ोतरी रहने की संभावना बनी है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल सिंह ने बताया कि यूपी में आने वाले 72 घंटे तक मानसून की रफ्तार सुस्त रहेगी। दिन में आसमान साफ रहने की वजह से तेज धूप खिलेगी। वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश से कुछ इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है।



## प्रबुद्ध जन-मंच को समाज सेवा में योगदान के लिए सम्मानित किया गया

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बुस.)।** स्वतंत्रता दिवस पर शासन प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रबुद्ध जन-मंच को समाज सेवा में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। प्रबुद्ध जन-मंच के अध्यक्ष निशांक जैन ने कहा कि इस प्रकार से सम्मानित किए जाने से आगे और अच्छे कार्य करने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। प्रबुद्ध जन-मंच के संरक्षकगण पदाधिकारी एवं सभी सदस्यों के निरंतर सहयोग के लिए मैं उनका आभारी हूं एवं सम्मान के लिए जिला प्रशासन एवं उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव का हृदय से आभारी हूं, इस अवसर पर प्रबुद्ध जन-मंच के संरक्षक मंडल के डॉ. पंकज जैन, सुरेंद्र अग्रवाल एवं महासचिव पवन कुमार गोयल, कोषाध्यक्ष विनय सिंघल, पंकज जैन गांधी टेंट, तुषार गुप्ता, कौशल कृष्ण अग्रवाल, विपुल भटनागर, प्रमोद शर्मा, संजय अग्रवाल, अवनीश मोहन तायल, अतुल अग्रवाल, नवनीत गुप्ता, सुनील अग्रवाल, रीना अग्रवाल, संतोष शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## श्री मनकेश्वर महादेव मंदिर में 37 वर्ष बाद श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर दिखी रौनक

**मीरापुर, 17 अगस्त (बुस.)।** कुछ माह पूर्व स्वामी यशवीर महाराज द्वारा मीरापुर में 37 वर्षो से बन्द पड़े शिव मंदिर को जागृत किया गया था। करीब 37 वर्षो बाद इस मंदिर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भव्य रूप से सजाया गया तथा श्रद्धालुओं की भारी भीड़ यहाँ भगवान के दर्शन करने व प्रसाद चढ़ाने पहुँची। मीरापुर कस्बे के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र मौहल्ला मुश्तर्क में कुछ माह पूर्व बघरा आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज ने पिछले 37 वर्षो से यहाँ बन्द पड़े 600 वर्ष पुराने प्राचीन शिव मंदिर को पूजा-अर्चना के बाद जागृत किया था तथा मंदिर को श्री मनकेश्वर महादेव मंदिर का नाम दिया था। 37 वर्षो से उजाड़ पड़े उक्त मंदिर में शनिवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर अलग ही रौनक दिखाई दी। मंदिर समिति ने श्री मनकेश्वर महादेव मंदिर को फूलों व लाइटों की झालर से दुल्हन की तरह सजाया गया था। रात्रि में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ यहाँ पहुँची और भगवान श्री कृष्ण व भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रसाद चढ़ाया। इस दौरान मंदिर में भजन कीर्तन किया गया। 37 वर्षो बाद मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते रौनक दिखाई दी। मंदिर जागृत करने वाले स्वामी यशवीर महाराज ने मंदिर समिति की प्रशंसा की। इस दौरान व्यवस्था बनाने वालों में मूलचन्द शर्मा, कृष्ण खटीक, सोनू कश्यप, अर्जुन ठाकुर, रमन शर्मा, ऋतिक भटनागर, मोहन सैन, आरव ठाकुर, अतुल शर्मा, परशुराम शर्मा, अरनव ठाकुर आदि शामिल रहे।





## पागल मादा पिटबुल गौशाला में घुसी, सेवक बाल-बाल बचा

**बुढ़ाना, 17 अगस्त (बु.)।** एक मादा पिटबुल कहीं से आकर अचानक गौशाला में घुस गयी, जो एक गौरक्षक के पीछे भाग खड़ी हुई। बड़ी मुश्किल गौरक्षक की जान बची। स्थानीय वन विभाग, बीडीओ और अन्य अधिकारियों को फोन पर इसकी जानकारी दी, लेकिन कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा। तब जान की परवाह न करते हुए गौरक्षकों ने पिटबुल का रेस्क्यू किया और उसको गौशाला में जंजीर से बांध दी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के परासौली गांव में स्थित माधव? गौशाला में आज रविवार के दिन अचानक से एक मादा पिटबुल घुस गयी और गौरक्षक अकबर अहमद के पीछे भाग पड़ी, तो उसने शोर मचाकर अपने आपको बड़ी मुश्किल से एक कमरे में घुसकर बचाया। शोर सुनकर मौके पर गौरक्षक छोटा सैनी व अन्य गौरक्षक भी आ गये। तब उन्होंने संबंधित अधिकरियों को फोन किया, लेकिन घंटों बाद भी कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, तो गौरक्षकों ने किसी अन्य व्यक्ति को नुकसान ना पहुंचे खुद ही अपनी जान की परवाह न करते हुए रेस्क्यू किया और मादा पिटबुल को एक स्थान पर बांध दी। इसमें गौरक्षकों को भयंकर गर्मी में रेस्क्यू करने में पापड़ बेलने पड़े। गौरक्षक के अनुसार ये पिटबुल पागल हो गयी है, जो एक बार अपने शिकार पर हमला करने के बाद उसको किसी भी सूरत में नहीं बख्शती है। कुल मिलाकर गौरक्षकों में इस पागल मादा पिटबुल को लेकर काफी दहशत बनी हुई है और वे संबंधित अधिकारियों के मौके पर न आने से पूरे आक्रोशित हैं।



## कुष्ठ आश्रम में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भव्य आयोजन, हवन-पूजन और विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बुस.)।** जन्माष्टमी के पावन अवसर पर नगर के प्रसिद्ध कुष्ठ आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ आश्रम में उमड़ी हुई थी, जिन्होंने पारंपरिक हवन-पूजन में हिस्सा लिया और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। जन्मोत्सव की शुरूआत विधिवत हवन से हुई इस दौरान हवन में बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ और उद्यमी भीम सैन कंसल ने अग्निकुंड में सर्व सुख शांति के लिए आहुति अर्जित की। बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने जानकारी देते हुए बताया कि बुलेटिन के संस्थापक हमारे पूजनीय स्व. बाऊ जी उत्तम चंद शर्मा का आज जन्मदिन है, जिसको लेकर रूड़की रोड स्थित कुष्ठ आश्रम में इस तिथि अवसर पर उनके द्वारा शुरू की गई परंपरा को आगे बढ़ाया जाता रहा है और हर वर्ष की भांति इसी तरह से स्व. बाऊजी उत्तम चंद शर्मा का जन्मदिन सभी के साथ इसी तरह मनाया जाता है। विशाल भंडारे का आयोजन प्रसिद्ध उद्यमी भीम सैन कंसल के द्वारा आयोजित किया जाता है। ये भंडारा यहां दूर-दराज से आने वाले कृष्ण भक्तों के लिए लगातार तीन दिन तक आयोजित किया जाता है। इस हवन पूजन में पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी ने आहुतियां दीं। इस आध्यात्मिक माहौल में पूरा आश्रम भक्तिमय हो गया। इसके बाद श्रीकृष्ण की मनमोहक प्रतिमा का विशेष अभिषेक किया जाता है। श्रृंगार और आरती के बाद भक्तों ने झूमते-गाते हुए भजन-कीर्तन किया। आयोजन का मुख्य आकर्षण विशाल भंडारा रहा, जिसका देर शाम तक आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में पूड़ी, सब्जी, हलवा और अन्य पारंपरिक व्यंजन परोसे गए। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम हर साल इसी तरह धूमधाम से मनाया जाता है, लेकिन इस साल भक्तों की संख्या ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। युवाओं और बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। पूरा दिन भक्तिमय माहौल में गुजरा, जिससे नगर में धार्मिक एकता और सौहार्द का संदेश गया। इस सफल आयोजन के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस का भी सहयोग सराहनीय रहा।







## अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का भारत लौटने पर जोरदार स्वागत, पीएम से हो सकती है मुलाकात

**नई दिल्ली, 17 अगस्त (एजेंसी)।** एक्सिओम 4 मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) गए अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला रविवार सुबह अमेरिका से भारत लौट आए। दिल्ली एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और इसरो प्रमुख वी नारायणन ने उनका भव्य स्वागत किया। शुभांशु सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात कर सकते हैं। इसके बाद वे अपने घर लखनऊ जाएंगे। कहा जा रहा है कि शुभांशु 22 और 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस से जुड़े कार्यक्रम में भाग लेने के लिए फिर दिल्ली आएंगे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक्स पर पोस्ट में कहा, अंतरिक्ष में भारत का नाम रोशन करने वाले और मां भारती के बेटे शुभांशु शुक्ला भारत लौट आए हैं। शुभांशु के साथ गगनयान मिशन के लिए चयनित एक और अंतरिक्ष यात्री कैप्टन पारसनाथ बालकृष्णन नायर भी लौटे हैं। शुभांशु ने एक्स पर पोस्ट में केंद्रीय मंत्री की पोस्ट को साझा करते हुए लिखा कि मैं घर लौटकर बेहद खुश हूं। एक साल बाद परिवार से मिले शुभांशु के स्वागत में उनकी पत्नी कामना और बेटा कियाश भी एयरपोर्ट पहुंचे थे। करीब एक साल तक अमेरिका में अंतरिक्ष मिशन के लिए प्रशिक्षण के चलते शुभांशु परिवार से दूर थे।



## हरसौली में पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

**हरसौली, 17 अगस्त (बुस.)।** आज शाहपुर क्षेत्र के ग्राम हरसौली में रविवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस वर्ष राज्यसभा सचिवालय के पूर्व अपर सचिव जगदीश कुमार ने अपने 365पौधे के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए लक्ष्य को पूरा करते हुए 600 फलदार पौधे लगाकर वृक्षारोपण का कार्य पूरा किया। यह पौधारोपण ग्राम हरसौली निवासी मास्टर इन्द्राज सिंह के खेत में किया गया, जहाँ आम, अमरूद, लीची सहित विभिन्न प्रकार के 103 फलदार वृक्ष लगाए गए। कार्यक्रम में जगदीश कुमार की धर्मपत्नी सुशीला देवी, लोकसभा सचिवालय के विशेष कल्याण अधिकारी के.पी. बालियान, डॉ. कुंवर पाल, रविंद्र कुमार करवाड़ा, अनुज शर्मा एवं सलीम उपस्थित रहे। इस अवसर पर जगदीश कुमार ने कहा कि उनका प्रतिवर्ष, प्रतिदिन एक फलदार पौधा लगाने का संकल्प है और इस बार उन्होंने न केवल संकल्प पूरा किया, बल्कि लक्ष्य से अधिक पौधे लगाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व हरित वातावरण की दिशा में कदम बढ़ाया है। ग्रामवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की देखभाल परिवार के सदस्य की तरह करेंगे।



## रूस के आगे 'सरेंडर' नहीं करेंगे जेलेंस्की, कर ली ट्रंप को झटका देने की तैयारी

**कीव, 17 अगस्त (एजेंसी)।** अलास्का में ट्रंप और पुतिन की बैठक के बाद से यूक्रेन में जारी युद्ध के अंत को लेकर संभावनाएं तलाशी जा रही थी वहीं दुसरी तरफ युक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कह दिया कि वो अपनी जमीन रूस को नहीं देंगें। पुतिन के साथ बैठक के बाद ट्रंप ने सीजफायर की मांग को छोड़ दिया है। उनका मानना है कि तत्काल शांति समझौता के तहत सीजफायर से भी अच्छे निर्णय लिए जा सकते हैं। ट्रंप के अनुसार अगर जेलेंस्की रूस को डोनबास का पूरा इलाका सौंप दें तो तत्काल शांति बहाल की जा सकती है। जेलेंस्की ने रूस को जमीन देने से साफ मना कर दिया है और इसमें यूरोपीय देशों ने उनका साथ भी दिया। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि हम रूस को जमीन देने के किसी भी समझौते पर सहमत नहीं हो सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने चुनाव कैंपेन में कहा था कि राष्ट्रपति बनने के बाद वह एक महीने में रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म कर देंगे। हालांकि कई कोशिशों के बाद भी ट्रंप ऐसा करने में नाकाम रहे।

# भाकियू की मासिक पंचायत में गरजे भाकियू राष्ट्रीय प्रवक्ता

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन की राजधानी सिसौली में रविवार को किसान भवन में आयोजित मासिक पंचायत में सरकारों की गलत नीतियों को लेकर वक्ताओं ने विचार मंथन करते हुए समाज सुधार के साथ किसान समस्या का मुद्दा चर्चा के केंद्र में रहा। पंचायत की अध्यक्षता गठवाला खाप के हसनपुर थाबेदार संजीव मलिक व संचालन ओमपाल सिंह मलिक ने किया। भाकियू की मासिक पंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत ने कहा कि वर्तमान सरकार आज फसल के भाव न देकर किसानों को कर्ज लेने पर मजबूर कर रही है। इसके चलते ही कर्ज में दबा किसान ऐसे में आज आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे में हम सभी को फिर से संगठित होकर इस लड़ाई को लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देश के किसानों के समक्ष तमाम चुनौतियां आने वाली है, जिसका डटकर मुकाबला करना होगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर बीते 13 अगस्त को देशभर में ट्रैक्टर-बाईकों द्वारा तिरंगा मार्च किया गया। अब जल्द अपनी मांगों को लेकर हम देश भर में पंचायत करेंगे। उन्होंने किसानों को पारंपरिक खेती के साथ बिजली व ट्रैक्टर मिस्त्री के साथ वाहन मरम्मत जैसे अन्य तकनीकी कार्यों की ओर भी रूख करने का युवाओं से आह्वान किया, जिससे उन्हें रोजगार मिलने के साथ ही आमदनी के नए रास्ते खुलेंगे। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार की स्कूलों को बंद करने की तैयारी से देहात क्षेत्र में पढ़ाई बाधित होगी। गांव व गरीब के बच्चे कैसे पढ़ेंगे। दूर के स्कूलों में बच्चों के आवागमन का क्या इंतजाम किया गया, इसके लिए जरूरत पड़ी तो आंदोलन करेंगे। वहीं स्मार्ट मीटर का विरोध पहले ही किसान लगातार कर रहे हैं। चौ. राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों को अब एकजुट होकर फिजूलखर्ची और नशे जैसी बुरी लत से बचने की जरूरत है। इसके साथ किसानों को महंगे मोबाइल खरीदने की बढ़ती जा रही प्रवृत्ति पर रोक लगानी होगी। उन्होंने कहा कि अब हमें समझना होगा, यह एक साइलेंट वार है। किसान की आमदनी तभी बढ़ेगी, जब वह अपने खर्चों पर नियंत्रण रखेगा। गेहूं, चावल, उड़द जैसी नगदी फसलों का उत्पादन कर आय के साधन बढ़ाने की ओर भी ध्यान देना होगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष नवीन राठी, गौरव टिकैत, शांता कुमार, अनुराग, अनिल मलिक, शक्ति सिंह, कपिल खाटियान, मांगेराम, अंकुर, ब्रिजेश आदि सैकडों किसान व भाकियू प्रवक्ता मौजूद रहे।



## श्री ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में किया भवन का शिलान्यास

**जानसठ, 17 अगस्त (बु.)।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कस्बे के पांडव कालीन सिद्धपीठ श्री ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में नए भवन का विधिवत शिलान्यास किया। रविवार को शिलान्यास के दौरान मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सर्वप्रथम पांडव कालीन प्राचीन ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उसके बाद भूमि पूजन करते हुए एक करोड़ 32 लाख रुपये के बजट से स्वीकृत भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के अंतर्गत निरंतर आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों को संवारने के लिए प्रदेश सरकार ने वंदन योजना शुरू की है। इसके तहत नगरीय क्षेत्रों में पुराने ऐतिहासिक स्थलों को सहेजने का काम किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में श्री ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत जानसठ को गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। कार्यक्रम को पूर्व चेयरमैन प्रवेंद्र भड़ाना, पूर्व चेयरमैन यनेश तंवर, एलडीबी चेयरमैन बृजेश रस्तोगी ने संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ एवं राज्यमंत्री कपिल देव का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र सिंह, समाज सेवी रजनीश सैनी, अधिशासी अधिकारी नीलम पांडे, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष यनेश तंवर, मंदिर समिति अध्यक्ष प्रवीण तंवर, पूर्व चेयरमैन प्रवेंद्र भड़ाना, सभासद सुशील कुमार, मोहम्मद अहसान, विशाल सैनी, आशु कंसल, विकास गुप्ता, गौरव भटनागर, धर्मेश सैनी, बाबर अंसारी, सतपाल प्रजापति, सुरेंद्र बंसल, राजीव गुप्ता, सुनील कश्यप आदि मौजूद रहे।





## श्री श्यामा श्याम मंदिर में जन्माष्टमी उत्सव सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बुस.)।** गांधीनगर स्थित श्री श्यामा-श्याम मंदिर में धूमधाम से जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। आसपास कॉलोनी व निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से आए भक्तजनों की भीड़ आज दोपहर से ही राधा रानी-कान्हा जी के दर्शनों को आने लगी थी। मंदिर के बाहर बच्चों को झूलने के लिए कई प्रकार के झूले लगे थे। मंदिर प्रांगण में छोटे छोटे बच्चे विशेष परिधान पहन कर भजनों पर नृत्य कर रहे थे। महिला भक्तों ने कीर्तन पूजन किया। देर रात्रि में चंद्र दर्शन होते ही मंत्री कपिलदेव अग्रवाल व मुख्य पुजारी पं. हंसराज भारद्वाज द्वारा श्री कान्हा जी का पंचामृत से अभिषेक किया गया व नए वस्त्र पहनाए गए। तत्पश्चात पूजन आरती करके भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर सेवा समिति के सभी कार्यकर्ताओं ने मौजूद रहकर व्यवस्था में सहयोग किया।



## समाजसेवी का हृदयगति रुकने से निधन

**खतौली, 17 अगस्त (बु.)।** जीव प्रेम से प्रेरित होकर निराश्रित जीवों के प्रति सदैव अपनी सेवाएं प्रदान करने वाले रामपाल जैन का रविवार को हृदयगति रुकने से निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला काशीराम निवासी रामपाल जैन का जीवन जहां सादगी व शालीनता के लिए अन्य लोगों के लिए प्रेरणादायक रहा, वहीं अनेक सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता निभाने के साथ-साथ उनकी करुणामयी प्रवृत्ति जिओ और जीने दो के सिद्धान्त पर धरातल पर सदैव दिखाई दी, जिसका जीता जागता उदाहरण निराश्रित पशुओं की सेवा के रूप में सदैव स्मरणीय रहेगा। निराश्रित जीवों के लिए पीने के पानी, भोजन सहित सर्द मौसम में उनके ठंड से बचाव की व्यवस्था के साथ-साथ घायलों को स्वयं हाथों से उपचार दिलाकर उनके जीवन की सुरक्षा का सराहनीय योगदान सदैव नगरवासियों के लिए स्मरणीय रहेगा। स्व. रामपाल जैन का बीती रात अचानक हृदयगति रुक जाने से निधन की सूचना पर उनके आवास पर सुबह से ही शुभचिंतकों का जमावड़ा शुरू हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में भारी संख्या में नगरवासियों सहित अनेक सामाजिक व धार्मिक संगठनों के लोगों द्वारा अपनी शोक संवेदना व्यक्त की गयी। उनके पार्थिव शरीर को उनके ज्येष्ठ पुत्र समाजसेवी वैभव जैन (जय अनुमान ग्रुप ऑफ कम्पनीज) द्वारा मुखाग्नि दी गयी।

## अवैध मस्कट के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**चरथावल, 17 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरगढ़-सिकंदरपुर मार्ग से पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध मस्कट एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपों का चालान करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है। चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरगढ़-न्यामू मार्ग पर चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक विशाल राठी, कांस्टेबल राहुल कुमार, कांस्टेबल दीपक यादव के साथ मिलकर चैकिंग कर रहे थे। चैकिंग के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से पुलिस ने एक अवैध मस्कट 12 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम आदेश पुत्र सूरजभान निवासी ग्राम न्यामू थाना चरथावल बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया की चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति को अवैध मस्कट में कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है, जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।



# सपा की पीडीए जन महापंचायत में भाजपा पर जमकर बरसे प्रदेशाध्यक्ष

▶▶ मुजफ्फरनगर की सभी सीटों पर जीत का छक्का मारेगी पार्टी-श्यामलाल पाल ▶▶ जनसभा आयोजन सत्येंद्र पाल की मेहनत रंग लाई ▶▶ पंचायत में पिछड़े, दलित एवं अल्पसंख्यकों की भीड़ उमड़ आई

(सचिन संगल)

**बुढ़ाना/शाहपुर, 17 अगस्त (बु.)।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि आप लोगों को अबकि बार मुजफ्फरनगर जिले की सभी 6 विधानसभा सीटों को जिताकर छक्का मारने का काम करना है, ताकि भाजपा के वोट चोरी प्लान का पदार्फाश हो सके। श्री पाल रविवार को कस्बे के फैज गार्डन में सपा की पीडीए जन महापंचायत को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अखिलेश बुढ़ाना से जिसे भी टिकट देंगे, सभी को भेदभाव भुलाकर उसे जिताना है। उन्होंने महापंचायत की सफलता का श्रेय सतेंद्र पाल को देते हुए कहा कि उनकी मेहनत रंग लाई। यहां पर हर तबके का आदमी है। आज सब यहां पर प्रण करें कि हमें सपा को जिताने का काम करना है। फूट होगी, तो फिर रिजल्ट उल्टा ही आएगा। आप सबने यहां पर गठबंधन को जिताया और भाजपा के दो प्रत्याशी हराए। आज सपा प्रदेश में नंबर एक पर है और देश में नंबर 03 पर है। इसी से भाजपा बौखलाई हुई है और उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। मीरापुर उपचुनाव में 2 मुस्लिम महिलाओं ने पुलिस की पोल खोली और निडरता से पुलिस का मुकाबला किया, तो उनको हमारी पार्टी ने लखनऊ बुलाकर सम्मानित किया। पीडीए जन महापंचायत हर महीने करते रहो। रिजल्ट आज की तरह अच्छा ही आएगा। संविधान के साथ धोखा करने वाली भाजपा का चरित्र उजागर हो गया है। हमें आने वाले चुनाव में भाजपा का किला ध्वस्त करना होगा। योगी मोदी का दौर खत्म करना होगा। बस एक बार जमकर वोटों की बमबारी कर देना। भाजपा ने हमें सांसदी में 10 सीटों पर जबरदस्ती हराया। भाजपा देश प्रदेश में नफरत झूठ का जो माहौल तैयार कर रही है, वो ठीक नहीं है। लोगों को मंदिर मस्जिद नहीं रोजगार चाहिए। सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि भाजपा सभी को जाति के नाम पर बांट रही है। हम इसकी कड़ी निन्दा करते हैं। भाजपा स्कूल बंद करके गरीबों को अंबानी का सस्ता मजदूर बनाने पर तुली हुई है। गांवों में जगह जगह शराब के ठेके खोल दिए गये। सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने कहा कि भाजपा पीडीए का उत्पीड़न कर रही है। इस बार पीडीए ही देश प्रदेश में भाजपा का तख्ता पलटने का काम करेगी। कार्यक्रम आयोजक और वरिष्ठ सपा नेता सत्येंद्र पाल ने पीडीए जन महापंचायत को सफल बनाने पर मौजूद अपार जनसमूह का आभार जताया और कहा सभी ने इस महापंचायत में आकर अपनी कीमती समय दिया, इसके लिए उनका आभार जताता हूं। यहां अखिलेश कटियार, ठाकुर चंद्रपाल सिंह कुरथल, सलीम राणा, इनाम प्रधान, आसिफ कुरैशी, अकरम पलड़ी, हारुण अली सिद्दीकी, सपा नगर अध्यक्ष ताज जिया नम्बरदार, इनाम मेहर, शहजाद इंजिनियर, नवाब इम्तियाज, पवन पाल, मेहर चंद शामली, सलीम मलिक, शेर सिंह राणा, धर्मेंद्र नीटू, प्रधान सरवर खान और सत्येंद्र सैनी, इलम सिंह गुर्जर, अनेश निर्वाल, गोल्डी अहलावत, ठा. सुखपाल सिंह, दीपी पाल, पूजा अंबेडकर व लाखन सिंह पाल आदि सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी और संचालन राकेश शर्मा ने किया।





## समाजवादी पार्टी पीडीए जन महापंचायत की झलकियां...

▶▶ महापंचायत में अव्यवस्था ना फैले इसके लिए सैकड़ों वालंटियर पूरे समय एक्टिव रहे, जो सिर पर लाल टोपी, गले में लाल गमछा, लाल शर्ट और हरी पेंट पहने हुए थे।

▶▶ महापंचायत के आयोजक सत्येंद्र पाल ने स्टेज पर प्रदेशाध्यक्ष श्यामलाल पाल को पगड़ी पहनाकर तलवार भी भेंट की। इसके अलावा गले में बड़ी पुष्प माला डालकर स्वागत किया।

▶▶ मुस्लिम जाट फेडरेशन ने भी सपा अध्यक्ष श्री पाल को तलवार भेंट की।

▶▶ जब हरेंद्र मलिक गुस्से में बोले- अगर किराए की भीड़ है, तो चली जाए, तो सभी चुप हो गये और सांसद के भाषण को ध्यान से सुनने लगे।

▶▶ कार्यक्रम में दो हजार कुर्सियां भी कम पड़ गयी, लोग खड़े रहे। सपा प्रदेश अध्यक्ष पूरे 27 मिनट बोले। सभा लगातार 6 घंटे तक चली फिर भी लोग जमे रहे।

▶▶ सपा के वरिष्ठ नेता हारुन अली सिद्दीकी सबसे आगे बैठे पर उनको मंच पर नहीं बुलाया गया।

▶▶ नौ साल का एक बच्चा लाल कुर्ते और सफेद पायजामे में पूरे समय आकर्षण का केंद्र बना रहा।

▶▶ सपा नेता सत्येंद्र पाल की मेहनत उस समय रंग लाती दिखी, जब उनके समाज के, मुस्लिम समाज के साथ साथ दलित समाज के लोग भी काफी संख्या में पंचायत में दिखे।

▶▶ इकरा हसन के ना आने से लोग मायूस दिखे, लेकिन फिर भी सपा प्रदेश अध्यक्ष का भाषण सुनने को बेताब दिखे।

▶▶ पत्रकार गैलरी में सपा कार्यकर्ताओं का भी कब्जा रहा। उधर सपा प्रदेश अध्यक्ष भारी भीड़ देखकर फूले नहीं समाए और वरिष्ठ सपा नेता सत्येंद्र पाल की जमकर तारीफ की।

## चार सभासद सपा में हुए शामिल....

**बुढ़ाना/शाहपुर, 17 अगस्त (बु.)।** समाजवादी पार्टी की पीडीए जन महापंचायत में मंच पर उपस्थित बुढ़ाना नगर पंचायत के मौजूदा 4 सभासद भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हो गये, जिसके चलते कस्बे मे सपा के और भी मजबूत होने के चांस बन गये, जो सपा में शामिल हुए हैं, उनमें वार्ड नंबर 3 के सभासद सलीम कुरैशी, वार्ड नंबर 13 के सभासद इमरान कुरैशी, वार्ड नंबर 14 के सभासद राशिद भूरु कुरैशी और वार्ड नंबर 16 के सभासद इकबाल कुरैशी हैं। इसके अलावा सैंकड़ों लोगों ने भी विभिन्न पार्टियां छोड़कर सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के समक्ष सपा में आने की घोषणा की, जिस पर सपा प्रदेश अध्यक्ष ने सभी का पार्टी में आने पर फूल मालाओं से स्वागत किया।





## लो फिर धंसा विकास...

# पूर्व सांसद के चौराहे भगीरथ चौक पर धंसे हुए विकास को दिखाया हरा-भरा

### पहले विकास भवन के बाहर का भी ऐसा ही नजारा बुलेटिन द्वारा दिखाया गया था



**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बु.)।** खोखले विकास की तस्वीरें आए दिन मुजफ्फरनगर बुलेटिन आप लोगों को अपने पाठकों के सहयोग से दिखाता रहता है। अच्छी बात यह है कि बुलेटिन के साथ-साथ अब उनके पाठक भी शहर का दर्द समझ रहे हैं और शहर को उत्तम बनाने के लिए आए दिन कोई न कोई खोखले विकास की तस्वीर बुलेटिन के पास भेजते ही रहते हैं। लगभग आठ दिन पहले हमने विकास के दावे करने वाले विकासभवन के बाहर की एक तस्वीर सोशल मीडिया के माध्यम से दिखाई थी, जहां विकासभवन के बाहर की सड़क ही खोखली होकर धंस गयी थी, मगर एक और तस्वीर बुलेटिन पाठक द्वारा आज फिर से भेजी गयी और यह तस्वीर कहीं और की नहीं पूर्व सांसद संजीव बालियान के निवास से सिर्फ एक किमी दूर भगीरथ चौक की है। इस धंसे हुए विकास का नजारा देखकर बुलेटिन पाठक ने स्वयं अपने कैमरे से खींचकर भेजा और दिखाया कि किस तरह से नगर में विकास तो धंस चुका है, बस तस्वीर बाकी रह गयी है। और धंसे हुए विकास को हरा-भरा दिखाने के लिए यूं तो आमजन ने इस लिहाज से इसमें पेड़ की टहनियां डाल दी कि कहीं रात-बेरात कोई वाहन इस धंसे हुए विकास में खुद न धंस जाए। शर्मनाक बात यह है कि मुजफ्फरनगर में नेतागिरी करने वालों की खूब भरमार है, मगर विकास के नाम पर ऐसी खोखली तस्वीर जब देखने को मिलती है तो नेताओं को आए न आए मगर आमजन को शर्म जरूर आने लगती है।

## रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

**खतौली, 17 अगस्त (बु.)।** दिन निकलते ही रेलवे ट्रैक के निकट अज्ञात युवक का शव पड़ा होने पर लोगों में हड़कम्प मच गया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह जानसठ रोड



ओवरब्रिज के निकट रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव पड़ा देख मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जाता है कि मृतक के एक हाथ पर पुष्पा लिखा है। पुलिस द्वारा मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया गया। पुलिस जांच के दौरान युवक की मौत बीती देर रात किसी ट्रेन की चपेट में आने से होनी माना जा रहा है। मृतक की शिनाख्त न होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया।

# बीजेपी का झंडा लगी स्कॉर्पियो ने 10 को रौंदा, दो की हालत गंभीर, एक की मौत

**लखनऊ, 17 अगस्त (एजेंसी)।** लखनऊ में स्कॉर्पियो ने जन्माष्टमी का कार्यक्रम देखने जा रहे 10 लोगों को रौंद दिया। 2 की हालत गंभीर है, वहीं एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार रात लोग पैदल ही मंदिर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पीछे से आई और लोगों को टक्कर मार दी। चीख-पुकार सुनकर लोग ड्राइवर को पकड़ने दौड़े, तो उसने उनके ऊपर भी कार चढ़ा दी। फिर दूसरी गाड़ियों में टक्कर मारता चला गया। इस दौरान कार का एक टायर फट गया, लेकिन वह फटे टायर पर ही गाड़ी दौड़ाता रहा। इसी दौरान एक सिपाही बाइक से वहां पहुंचा और कार का पीछा शुरू कर दिया। यह देखकर ड्राइवर ने कार रोकी और सिपाही से हाथापाई करने लगा। तब तक पीछे से पहुंचे लोगों ने आरोपी ड्राइवर को पकड़ लिया। घटना पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग बाजार में हुई। पुलिस ने बताया- घायलों को पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। आरोपी ड्राइवर की पहचान हुसैनगंज निवासी अक्षय सिंह के रूप में हुई है। गाड़ी पर भाजपा का झंडा लगा था। आरोपी के खिलाफ तीन जिलों में हत्या और लूट के 8 मामले दर्ज हैं। घटना में घायल हुए विजय ने बताया- पहले तो वह स्पीड में आया। एक गाड़ी को उसने जोरदार टक्कर मारी। उसके बाद लोगों को मारते चला गया। हम लोगों ने उसे जबरदस्ती रोकने की कोशिश की। तब वह बैक करने लगा। तेजी से बैक करते हुए वह पीछे वाले लोगों को भी रौंदने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान एक व्यक्ति पहले से खड़ी गाड़ी के नीचे चला गया। वह नीचे-नीचे ही घिसट रहा था। जैसे ही वह आगे बढ़ा तो मेर टक्कर गाड़ी से हो गई।



# कठुआ में 3 जगह बादल फटा, 7 लोगों की मौत, कुल्लू में भी बादल फटने से तबाही

**जम्मू/कुल्लू, 17 अगस्त (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में रविवार सुबह बादल फटा है। हिमाचल और जम्मू में जमकर बारिश हो रही है। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की ये बीते 3 दिन में दूसरी घटना है। आज कठुआ जिले में बॉर्डर से सटे इलाके में 3 जगह बादल फटा। जोद घाटी इलाके में 7 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हैं। जोद के अलावा मथरे चक, बगार्ड-चंगड़ा और दिलवान-हुटली में भी लैंडस्लाइड हुई। 14 अगस्त को भी जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के चसोटी में भी ऐसी ही घटना हुई थी।

लैंडस्लाइड के बाद जोद गांव का शहर से संपर्क टूटा गया था, काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम गांव पहुंची। घरों में कई फीट तक पानी-मलबा भरा है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कठुआ डिप्टी एसपी राजेश शर्मा ने कहा- लैंडस्लाइड में 2 से 3 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। 6 लोगों के फंसे होने की सूचना है। जांगलोट समेत नेशनल हाईवे पर कई जगह पर सड़क को नुकसान पहुंचा है। रेलवे ट्रैक भी बाधित है। हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश में तबाही नहीं थम रही। आज सुबह 4 बजे के करीब कुल्लू के टकोली में बादल फटा। कुल्लू के पनारसा, नगवाई में भी फ्लैश फ्लड के बाद चारों तरफ मलबा बिखरा है। वहीं, मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर में 17-19 अगस्त तक तेज बारिश की संभावना जताई है। 11 जिलों जम्मू, रियासी, उधमपुर, राजौरी, पुंछ, सांबा, कठुआ, डोडा, किश्तवाड़, रामबन और कश्मीर के कुछ हिस्सों में बादल फटने और लैंडस्लाइड की भी चेतावनी है।

रविवार सुबह करीब 4 बजे के करीब कुल्लू के शालानाला में बादल फटा। इससे कुल्लू और मंडी के कई इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। टकोली सब्जी और टकोली फोरलेन पर फ्लड के कारण मलबा आ गया। कुल्लू-मंडी के अलग-अलग इलाकों में 10 से ज्यादा घरों को नुकसान हुआ है। कई घरों में अंदर मलबा भर गया है। शालानाल खड्ड में आई बाढ़ से एफकॉन कंपनी के ऑफिस और कॉलोनी की दीवार टूट गई। यहां पर कर्मचारियों ने भाग कर बचाई जान, स्थानीय लोगों के घरों को भी काफी नुकसान हुआ। टकोली, पनारसा और नगवाई में 10 से अधिक गाड़ियों को भी नुकसान हुआ है।





# आम के पेड़ पर लटकी मिली सड़ी-गली लाश

▶▶ मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी ▶▶ फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंची

**शाहपुर, 17 अगस्त (बु.)।** क्षेत्र में कसेरवा नहर पुलिया के पास एक खेत में स्थित एक आम के पेड़ पर करीब 40 वर्षीय युवक फांसी पर लटका मिला। सीओ ने बताया कि युवक का शव करीब एक सप्ताह पुराना है। घटनाक्रम से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि शाहपुर पुलिस को सूचना मिली कि कसेरवा नहर पुलिया के पास गांव सोरम के जंगल में किसान सुबोध के खेत में स्थित आम के पेड़ से एक युवक का शव लटका हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पाया कि शव बुरी तरह से सड़ चुका है और उसमें से दुर्गंध आ रही है। सीओ ने बताया कि शव करीब एक सप्ताह पुराना लग रहा है। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर नमूने लिए। पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर मोर्चरी भिजवा दिया। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, किन्तु मौके पर मौजूद लोग शव की शिनाख्त नहीं कर सके। पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। थाना क्षेत्र में कसेरवा नहर पुलिया के पास सुबोध के आम के बाग में एक आम के पेड़ पर एक युवक के लटके होने की सूचना आज शाम थाना अध्यक्ष मोहित चौधरी को मिली। सूचना पर तुरंत थाना अध्यक्ष मौके पर पहुंचे। उन्होंने सूचना क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना व एसपी देहात को दी। क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव को नीचे उतरवाया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह का कहना है कि सप्ताह भर पुराना प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव की शिनाख्त के हेतु कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।



# कार सवार दबंगों ने मुझेड़ा टोल प्लाजा पर मारपीट कर शिफ्ट इंचार्ज को घायल किया

**मीरापुर, 17 अगस्त (बु.)।** मुझेड़ा टोल प्लाजा पर टोलकर्मी द्वारा टोल मांगने पर कार सवार दबंगों ने टोल कर्मियों के साथ जमकर मारपीट की तथा शिफ्ट इंचार्ज पर हमला कर गंभीर घायल कर दिया। पुलिस ने शिफ्ट इंचार्ज की तहरीर पर दो युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बिहार निवासी उमाशंकर मुझेड़ा टोल प्लाजा पर शिफ्ट इंचार्ज है। रविवार की दोपहर वह अन्य टोल कर्मियों के साथ डयूटी कर रहा था। दोपहर के समय टोल प्लाजा पर मीरापुर की तरफ से एक गाड़ी में सवार कई युवक पहुँचे, जिनसे टोलकर्मियों ने टोल मांगा, तो आरोप है कि कार में सवार दबंग युवकों ने टोल कर्मियों को दादागिरी दिखाते हुए टोल देने से इन्कार कर दिया तथा जबरन टोल खोलने को कहा, जब टोल प्लाजा पर डयूटी दे रहे शिफ्ट इंचार्ज ने विरोध करते हुए बिना टोल दिए बैरियर खोलने से मना कर दिया, तो आरोप है कि गाड़ी में सवार दो युवक नीचे उतरे और शिफ्ट इंचार्ज उमाशंकर पर हमला करते हुए उसकी पिटाई शुरू कर दी तथा उसे बुरी तरह पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और बिना टोल दिए फरार हो गए, जिसके बाद सूचना पर टोल प्लाजा मैनेजर आकाश चौधरी भी मौके पर आ गए तथा घायल शिफ्ट इंचार्ज को लेकर थाने पहुँचे और पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने घायल टोलकर्मी उमाशंकर को मैडिकल के लिए जानसठ सीएचसी भेज दिया, जहाँ से चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घायल टोलकर्मी उमाशंकर ने हाशमपुर निवासी अक्षय तोमर व कासमपुरखोला निवासी अंकित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। उधर इस सम्बंध में इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि टोल कर्मी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# इकाना स्टेडियम में कानपुर सुपर स्टार्स को 225 रन का टारगेट, शुरूआत हुई खराब, स्कोर-24 रन पर 4 विकेट

## ▶▶ इकाना स्टेडियम में तमन्ना-दिशा के ठुमकों पर झूमे फैंस

**लखनऊ, 17 अगस्त (एजेंसी)।** लखनऊ के इकाना स्टेडियम में यूपी- टी-20 का मैच चल रहा है। लीग में क्वालीफायर मुकाबले और फाइनल मिलाकर कुल 34 मैच खेले जाने हैं। पहला मैच रात 8:30 बजे मेरठ मावेरिक्स और कानपुर सुपर स्टार्स के बीच शुरू हुआ। मेरठ ने पहले बैटिंग करते हुए कानपुर को 225 रन का टारगेट दिया है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में यूपी टी-20 लीग की ओपनिंग सेरेमनी में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी और सिंगर सुनिधि चौहान ने परफॉर्म किया। सिंगर सुनिधि ने 'झूम बराबर झूम', 'डिस्को दीवाने..' गाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया है। एक्ट्रेस तमन्ना-दिशा के डांस परफॉर्मेंस पर फैंस ने जमकर ठुमके लगाए। कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में फैंस पहुंचे हैं। इससे शहीद पथ पर 4 किमी लंबा जाम लग गया। इससे पहले इकाना पहुंची एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने कहा- 29 अगस्त को मेरी मूवी आ रही है। जरूर देखें। एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कहा- जाह्नवी के साथ शूट करना शानदार था। इसके बाद दोनों ने परदेसिया और डेंजर गाने पर परफॉर्म किया। आपको बता दें कि इकाना स्टेडियम में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया के स्टेज पर आने पर फैंस ने सबसे ज्यादा शोर मचाया। तमन्ना ने बाहुबली फिल्म के गाने 'सुन जरा' पर परफॉर्म करना शुरू किया। इसके बाद 'मैं आई हूं यूपी-बिहार लूटने' गाने पर जमकर ठुमके लगाए। उनके साथ फैंस भी नाचते नजर आए।



## 25 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कैराना, 17 अगस्त (बु.)।** 25 वर्षीय युवक ने किन्ही कारणों के चलते अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। परिजनों लिख कर दे दिया कि वह कोई कार्रवाई नहीं चाहते जिससे बात पुलिस वापस लौट आई। रविवार सुबह ऊंचा गांव में मजदूरी करने वाले अविवाहित 25 वर्षीय युवक ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के माता-पिता बाहर बरामदे में सोए हुए थे। सुबह जब गेट नहीं खुला तो उन्होंने गेट तोड़ दिया तो देखा कि उनका बेटा फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। बाद में परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बाद में सूचना पर कोतवाली प्रभारी समय पाल अत्री मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि परिजनों ने उनके पहुंचने से पहले अंतिम संस्कार कर दिया था तथा उन्होने लिख कर दिया है कि वे कोई कार्रवाई नहीं चाहते।

# यमुना में जलस्तर डेंजर लेवल पार, बाढ़ का अलर्ट, हथिनीकुण्ड बैराज के सभी गेट खोले

**यमुनानगर, 17 अगस्त (एजेंसी)।** हिमाचल और उत्तराखंड में हो रही बरसात के कारण हरियाणा में नदियां उफान पर हैं। रविवार को हथिनी कुंड बैराज पर यमुना नदी का जलस्तर 1 लाख 78 हजार 996 क्यूसेक तक पहुंच गया। इस मानसून सीजन में यह पहला मौका है, जब यमुना का वाटर लेवल एक लाख के पार पहुंचा है। पहाड़ों से बहुत ज्यादा पानी आने के कारण हथिनी कुंड बैराज से निकलने वाली ईस्ट और वेस्ट यमुना लिंक नहरों को बंद कर दिया गया है और सारा पानी यमुना नदी में रिलीज किया जा रहा है। रविवार सुबह बैराज के सभी गेट खोलते हुए नदी से लगते इलाकों में बाढ़ का अलर्ट जारी कर दिया गया। नदी के किनारे बसे सभी गांवों में चेतावनी जारी की गई है कि कोई भी पानी के करीब न जाए। केंद्रीय जल आयोग ने दिल्ली सरकार को अलर्ट कर दिया है। उधर, कृषि मौसम विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की ओर से जारी अलर्ट के मुताबिक पलवल, फरीदाबाद, गुरुग्राम, नूंह, झज्जर, रोहतक, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, पानीपत, सोनीपत, करनाल जिलों में कहीं-कहीं हवाओं और गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। बांध अधिकारियों के मुताबिक, शाम 4 बजे के बाद पहाड़ों पर बरसात थमने से जलस्तर कुछ घटना शुरू हुआ है। बताया कि मैदानी इलाकों में सोम और पथराला जैसी कई बरसाती नदियां ताजेवाला से आगे यमुना नदी में मिल जाती हैं। इसके अलावा शुकरों जैसे बड़े बरसाती नाले-नदियां भी हथिनीकुंड बैराज के बाद यमुना में मिलते हैं। ऐसे में इन नदियों का पानी मिलने से आगे यमुना का जलस्तर और बढ़ेगा, जिसका असर पानीपत, सोनीपत, फरीदाबाद और दिल्ली तक दिखेगा। सिंचाई विभाग के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर आरएस मित्तल ने बताया कि एक लाख क्यूसेक पानी आने के बाद लो फ्लड लेवल, जबकि डेढ़ लाख क्यूसेक पानी आने के बाद उसे मीडियम फ्लड लेवल और ढाई लाख क्यूसेक से अधिक पानी आने के बाद उसे हाई फ्लड लेवल माना जाता है।





## टोल पर फीस से बचने को चालक ने गाड़ी दौड़ाई, कर्मचारी को कुचलने की कोशिश

**मेरठ, 17 अगस्त (एजेंसी)।** 14 अगस्त की रात सिवाया टोल प्लाजा पर एक चालक ने टोल फीस से बचने के लिए काले रंग की स्कार्पियो तेज रफ्तार में लेन से निकाली। कर्मचारी ने उसे रोकने के लिए ड्रम फेंका। इसके बाद चालक गाड़ी को घुमाकर लाया और ब्लू लाइन में रखे ड्रम में टक्कर मारने के साथ ही कर्मचारी को कुचलने का प्रयास किया। पूरा घटनाक्रम टोल पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। बाद में यह वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया। सिवाया टोल प्लाजा के वरिष्ठ प्रबंधक अनुज सोम ने बताया कि चालक ने बिना टोल फीस दिए बूम तोड़ते हुए गाड़ी दौड़ाई। इस प्रकार की घटनाएं पूर्व में भी हो चुकी हैं। थाना दौराला में शिकायत दी गई है। इंस्पेक्टर सुमन कुमार सिंह का कहना है कि चालक को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गाड़ी की पहचान का प्रयास कर रहे हैं। मेरठ वायरल वीडियो में यह भी देखा जा सकता है कि गाड़ी सिर्फ एक बार नहीं, बल्कि दो बार टोलकर्मी को निशाना बनाने के लिए चक्कर लगाती है। जिस तरह से गुंडागर्दी का आलम देखा गया, सोशल मीडिया पर लोग हैरान रह गए। एक यूजर ने कहा साइको भरे पड़े हैं एक से एक, तो एक ने कहा ये बदतमीज लोग गाड़ी ले लेंगे 10-15 लाख की, लेकिन टोल देते वक्त उनकी नानी याद आ जाती है।

# मैजिक की टक्कर लगने से विक्की सवार वृद्ध सेवादार की दर्दनाक मौत

**चरथावल, 17 अगस्त (बु.)।** कस्बे में बस स्टैंड के पास हुए सड़क हादसे में मैजिक की टक्कर लगने से गम्भीर रूप से घायल हुए विक्की सवार वृद्ध सेवादार की उपचार के दौरान मौत हो गयी। वृद्ध की मौत से स्वजन में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। चरथावल-मुजफ्फरनगर मार्ग पर ग्राम अमीगढ़ के निकट राम-रहीम का रामचर्चा घर (सत्संग भवन) स्थित है। रविवार की सुबह चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम मुथरा निवासी इंद्रपाल 70 वर्ष रामचर्चा से रात्रि की ड्यूटी करके विक्की से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह चरथावल बस स्टैंड के निकट पहुंचा तभी सामने से तेजगति से आ रही अनियंत्रित मैजिक ने विक्की में जोरदार टक्कर मार दी। मैजिक टक्कर लगने से सड़क पर गिरकर वृद्ध गम्भीर रूप से घायल हो गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। घायल की हालत गम्भीर देखते हुए चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गयी थी। वृद्ध की मौत से स्वजन में कोहराम मच गया। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि चालक को हिरासत में लेकर वाहन को कब्जे में ले लिया गया।



